95

**छत्तीसगढ़ शासन**
**वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**

क्रमांक एफ 5–06/2024/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 29/02/2024

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं वन बल प्रमुख,**
छत्तीसगढ़ अरण्य भवन,
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर।

विषयः– आवेदनकर्ता,प्राधिकृत अधिकारी, सिनियर मैनेजर, टेलीसोनिक नेटवर्क्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा कवर्धा जिले के कवर्धा वनमंडल अंतर्गत भूमिगत ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने के गैर वानिकी कार्य हेतु कुल 0.536 हे. वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् वन भूमि का व्यपवर्तन प्रस्ताव।

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र./भू–प्रबंध/विविध–ए/115–918/404, दिनांक 06.02.2024।

–––00–––

विषयांतर्गत भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 1980 अंतर्गत दिनांक 29.12.2023 को दिशा निर्देश प्रसारित की गई है। भारत सरकार के उक्त दिशा निर्देश के चेप्टर 4 के 4.1 अनुसार राज्य शासन को LWE क्षेत्र में 5.00 हे. तक 12 प्रकार के Public Utility Projects से संबंधित गैर वानिकी कार्यों में सामान्य अनुमोदन का अधिकार दिया गया है।

2/– भारत सरकार के उक्त दिशा निर्देशिका पुस्तिका के चेप्टर 4 के बिंदु क्र. 4.1(3) में Public Utility work के विवरण के बिंदु क्र. (iii) में भूमिगत ऑप्टिकल फायबर केबल का उल्लेख है तथा इन्ही निर्देशों के तहत् बिंदु क्र. 10 (vi) में शुद्ध प्रत्याशा मूल्य तथा क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना लेने का भी प्रावधान है। वहीं चेप्टर 3 के बिंदु क्र. 3.5 (xi) अनुसार भूमिगत ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने के प्रकरण जो राष्ट्रीय पार्क/वन्यप्राणी अभ्यारण्य क्षेत्र के बाहर है उनमें शुद्ध प्रत्याशा मूल्य से छूट का प्रावधान है।

3/– अतः कृपया भारत सरकार के उपरोक्त दिशा निर्देश के अंतर्गत प्रकरण में लागू शुद्ध प्रत्याशा मूल्य तथा क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना संबंधी वांछित समस्त कार्यवाहियां पूर्ण करने का कष्ट करें, जिसके उपरांत प्रकरण में आगामी उचित कार्यवाही की जा सकेगी।

29/02/24
(के.एल.मांझी)
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पृष्ठां.क्रमांक एफ 5–06/2024/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 29/02/2024

प्रतिलिपि :–

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
3. मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त, दुर्ग, छत्तीसगढ़।
4. वनमंडलाधिकारी कवर्धा वनमंडल, छत्तीसगढ़।
5. आवेदनकर्ता, Telesonic Networks Limited, 3Rd & 4 th Floor, Scheme No. 54 A.B. Road metro Towers Near Vijay Nagar Square, Indor (MP) 452010.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

29/02/24
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग